Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1632 / W-19 / 45 दिनांक 14.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र ई–आइ नेक्सट पेपर में दिनांक 12.07.2026 को प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन की खुदाई से पुरवा खास की सडके बदहाल'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई–आइ नेक्सट पेपर में दिनांक 12.07.2026 को प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन की खुदाई से पुरवा खास की सडके बदहाल शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत **विकास खण्ड चाका के पुरवा खास ग्राम पंचायत** में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय(250के0एल0/16मी0) 01 नग, वितरण प्रणाली–35277 मी0, घरेलू कनेक्शन 1194 नग, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 10 प्रतिशत, नलकूप 50 प्रतिशत, वितरण प्रणाली का कार्य 15231 मी0 एवं सडक पुर्नस्थापना का कार्य 4881 वर्ग मी0 के सापेक्ष 3771 वर्ग मी0 एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा अवशेष कार्य प्रगति पर हैं, जिसको निर्धारित समयावधि अन्तर्गत मार्च–2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।






**उपरोक्त के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि** अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक संख्या–125/W-17/(L&T)/2026-27/Tech-06 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा जनपद प्रयागराज क्लस्टर हेतु गठित सूचीबद्धता अनुबन्ध संख्या– 93/ED/2021-21 दिनांक 16.03.2021 के अन्तर्गत जनपद–प्रयागराज में ट्रॉयल–रन में सम्मिलित 178 योजनाएं जिनमें 320 ग्राम सम्मिलित है तथा O&M में ली गई 88 योजनाएं जिनमें 148 ग्राम सम्मिलित है, के कार्यों को छोड़कर शेष आवंटित कार्यों को डिस्कोप (Descope) कर दिया गया है एवं सक्षम स्तर से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**

# जल जीवन मिशन की खोदाई से पुरवा खास की सड़कें बदहाल



सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है